an>

Title: Need to open a Central School and Navodaya School in Morbi district in Kachh Parliamentary Constituency.

श्री विनोद लखमाशी चावड़ा (कच्छ) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर केन्द्रित करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में दो जिले कच्छ एवं मोरबी का समावेश है। कच्छ जिले में केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय कार्यरत है लेकिन मोरबी जिला, जिसका अभी गठन हुआ है, वहां केन्द्रीय शिक्षण की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरी और वहां पर सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की मांग है कि वहां पर जल्दी एक नया केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय शुरू किया जाये। इससे केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। धन्यवाद।